| |
|---|
| दिनांक 10.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 11/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद अलीगढ़/थाना बन्नादेवी</u>**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोना (662 ग्राम)–चाँदी (01 किलो 500 ग्राम)**
- **03 लाख रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **चोरी के माल बिक्री से क्रय 02 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 09.02.2025 को थाना बन्नादेवी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बरौला नलकूप के पास से 04 अभियुक्तों 1–वारिस 2–विमल 3–सोमेन्द्र 4–वैभव को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोना (662 ग्राम)–चाँदी (01 किलो 500 ग्राम), 03 लाख रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, चोरी के माल बिक्री से क्रय 02 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26/27.01.2025 को थाना बन्नादेवी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सोना–चाँदी आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त विमल के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–वारिस निवासी नीवरी मोड़ थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

2–विमल निवासी काशीराम योजना कॉलिन्दी विहार थाना ट्रान्सयमुना कमिश्नरेट आगरा।

3–सोमेन्द्र टीला माई थान घटिया थाना कोतवाली कमिश्नरेट आगरा।

4–वैभव निवासी चिचनी थाना बीटा जनपद सागनी खानापुर महाराष्ट्र।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के सोना (662 ग्राम)–चाँदी (01 किलो 500 ग्राम)।

2–03 लाख रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन।

4–चोरी के माल बिक्री से क्रय 02 मोटर साइकिल।

5–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## <u>जनपद कासगंज/थाना कासगंज</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांकः 10.02.2025 को थाना कासगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान कासगंज से नगला चीटा के रास्ते पर बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–शंकर घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–पंकज उर्फ उधम सहित गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जिंदा/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिसमें अभियुक्त शंकर, पंकज उर्फ उधम के विरूद्ध जनपद फतेहगढ़ व कासगंज के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट आदि के 10–10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कासगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शंकर निवासी ममांपुर थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

2–पंकज उर्फ उधम निवासी ममांपुर थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद कानपुर देहात/थाना गजनेर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 10 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 10.02.2025 को थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महादेव इण्टर कॉलेज के पास रायपुर रोड़ से 01 अभियुक्त जीत बहादुर उर्फ जीतू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 10 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना गजनेर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गजनेर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के

अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कानपुर देहात के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गजनेर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जीत बहादुर उर्फ जीतू निवासी ग्राम तरौंदा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी**

1–चोरी के 10 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद फतेहपुर/थाना औंग

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांकः 09/10.02.2025 की रात्रि थाना औंग पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम कीचकपुर के जंगल में बदमाश की घेराबंदी की गयी तो बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कबूल उर्फ इश्तियाक घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध थाना औंग पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कबूल उर्फ इश्तियाक निवासी मो0 रजोडा कोडा थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद बरेली/थाना अलीगंज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **421 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांकः 09.02.2024 को थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान ग्राम कमालपुर से 02 अभियुक्तों 1–महेन्द्रपाल 2–श्रीराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 421 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुआ।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त श्रीराम के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानों पर एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–महेन्द्रपाल निवासी ग्राम कमालपुर थाना अलीगंज जनपद बरेली।

2–श्रीराम निवासी ग्राम कमालपुर थाना अलीगंज जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–421 ग्राम अवैध अफीम।

## जनपद सुलतानपुर/थाना कोतवाली नगर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **491 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 10.02.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोडवा चौराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1—मोहम्मद इरशाद 2—विशाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 491 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोहम्मद इरशाद निवासी बीरबल ढकवा थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

2—विशाल निवासी तीनादुबान थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1—491 ग्राम अवैध स्मैक।

- **जनपद आजमगढ़/थाना बरदह (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 50—50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना बरदह पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि सपठित धारा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1—राणा प्रताप 2—प्रदीप 3—मनीष को आजीवन कारावास व 50—50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————